दिनांक : 13.05.2024 समय : 07.10pm

प्रादेशिक समाचार एकांष
आकाशवाणी भोपाल

**सांध्यकालीन समाचार**

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में चौथे चरण की 8 लोकसभा सीटो पर 71 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान।
- लोकसभा चुनाव के बाकी तीन चरणो के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज।
- सीबीएसई ने 10वी और 12वी के परीक्षा परिणाम किए घोषित।
- प्रदेश में कई स्थानो पर तेज हवाओ के साथ बारिश, खरगौन, बुरहानपुर के लिए रेड अलर्ट जारी।

विस्तार से:–

**मतदान प्रदेश**

प्रदेश में आज चौथे चरण के साथ ही सभी 29 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो गए. चौथे चरण में कुल 1 करोड़ 63 लाख से ज्यादा मतदाताओं ने 74 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला किया. चौथ चरण में आज प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर 70 फीसदी से ज्यादा वोट डाले गए।

**बाइट- संजीव शर्मा**

चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ो के अनुसार 68 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था । सर्वाधिक मंदसौर में 71 दशमलव 7-6 प्रतिशत मतदान हुआ वहीं इंदौर में सबसे कम 56 दशमलव 3-3 प्रतिशत वोट डाले गए है। उज्जैन में 71 दशमलव 0-8 प्रतिशत, देवास में 72 प्रतिशत, रतलाम 71 दशमलव 1-1 प्रतिशत, धार 67 दशमलव 5-5 प्रतिशत, खरगौन में 70 दशमलव 8-0 प्रतिशत और खंडवा 68 दशमलव 2-1 प्रतिशत मतदान हुआ है।

**लोकसभा चुनाव-चौथा चरण**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आज नौ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश के 96 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले गए। इनमें आंध्र प्रदेश की 25 सीटें, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, बिहार की पांच और झारखंड तथा ओडिशा की चार-चार सीटें शामिल हैं। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की एक सीट के लिए भी आज मतदान हुआ। इस चरण में कुल एक हजार सात सौ 17 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

## चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के शेष तीन चरणों के लिए प्रचार जोरों पर है। विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेता अपनी पार्टी के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते सार्वजनिक बैठकें और रोड शो कर रहे हैं। प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज शाम उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मेगा रोड शो किया। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। छह किलोमीटर लम्बे इस रोड शो में बडी संख्या में लोग शामिल हुए। श्री मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद हैं। वे कल वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इससे पहले उन्होंने बिहार में कई रैलियां कीं। श्री मोदी ने हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और सारण में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने राज्य की जनता से देश के विकास के लिए मतदान करने का आह्वान किया। इससे पहले, श्री मोदी ने पटना सिटी में तख्त श्री हरिमंदिरजी पटना साहिब का दौरा किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रायबरेली में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने वायदा किया कि यदि केन्द्र में कांग्रेस और आई.एन.डी.आई गठबंधन की सरकार बनी तो वे सबसे पहले गरीब किसानों के ऋण माफ करेगी। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने अमेठी में जनसभा की।

## सीबीएसई- परिणाम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने आज दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए हैं। 12वीं में 87 दशमलव नौ-आठ प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। 24 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 10वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 93 दशमलव छह-शून्य प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे हैं। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94 दशमलव सात-पांच है, जबकि लड़कों का प्रतिशत 92 दशमलव सात-एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई के विद्यार्थियों को बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा कि विद्यार्थियों के अथक परिश्रम और उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता में परिवार और शिक्षकों के सहयोग के लिए उनकी सराहना की।

**मौसम**

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में आज भी बादल छाए हुए है वहीं इंदौर में दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश हुई है। वहीं धार में भी अनेक स्थानों पर तेज बारिश हुई है। उज्जैन, जबलपुर में बादल छाए हुए है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 15-16 मई तक ऐसा ही मौसम रहेगा। इस बीच मौसम विभाग ने आज और कल के लिए ओलावृष्टि और बारिश के लिए खरगौन और बुरहानपुर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

हरदा, अलीराजपुर, बालाघाट, बैतुल, सिवनी सहित 18 जिलों में तेज हवा और बारिश का आरेंज अलर्ट है। 22 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। जिनमें भोपाल विदिशा रायसेने जिल शामिल है। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान नर्मदापुरम में 43.2 डिग्री और सबसे कम पचमढ़ी में 18.8 डिग्री दर्ज किया गया है।

**आईपीएल-क्रिकेट**

आईपीएल क्रिकेट में अब से कुछ देर बाद **गुजरात टाइटंस** का मुकाबला **कोलकाता नाइट राइडर्स** से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होगा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने शनिवार को मुंबई इंडियंस पर आसान जीत दर्ज की और प्ले ऑफ में स्थान पक्का कर लिया। जबकि गुजरात टाइटंस ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था। जिसके बाद वह अंतिम चार की दौड़ में बनी हुई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- राजगढ़ जिले में पीलूखेड़ी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर आज सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में सेना के जवान समेत 10 लोग घायल हुए हैं।
- बालाघाट जिला कलेक्टर ने 10 वी और 12 के परीक्षा परिणामों की समीक्षा बैठक की। इसमें परीक्षा परिणाम बेहतर करने की योजना और आने वाली पूरक परीक्षा के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई । साथ ही एमपीटॉस छात्रवृत्ति पर चर्चा भी की गई।
- गुना जिला कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि हाई स्कूल और हायर सेकंडरी से संबंधित बोर्ड परीक्षाओं में जिन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं रहा है, उनकी जानकारी एकत्रित कर समीक्षा करे।

- बैतूल जिला कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सभी अधिकारीयों को अनिवार्य आपात सेवाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्प लाईन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने की हिदायत भी दी।
- शिवपुरी जिले में आज कृषि विज्ञान केन्द्र में बुवाई पद्धति के नवाचार का प्रचार-प्रसार एवं खरीफ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें कृषकों तक अधिक से अधिक कृषि तकनीकियों के प्रचार-प्रसार के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए।
- रीवा ज़िले में खरीफ फसल तैयारी की संभागीय समीक्षा बैठक 16 मई को आयोजित की जा रही है।बैठक में कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग की योजनाओं की जिलेवार समीक्षा होगी।

---

**मतदान प्रदेश (1)**

प्रदेश में आज चौथे चरण के साथ ही सभी 29 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो गए. चौथे चरण में कुल 1 करोड़ 63 लाख से ज्यादा मतदाताओं ने 74 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला किया. चौथ चरण में आज प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर 70 फीसदी से ज्यादा वोट डाले गए।

चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ो के अनुसार 68 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था । सर्वाधिक मंदसौर में 71 दशमलव 7-6 प्रतिशत मतदान हुआ वहीं इंदौर में सबसे कम 56 दशमलव 3-3 प्रतिशत वोट डाले गए है। उज्जैन में 71 दशमलव 0-8 प्रतिशत, देवास में 72 प्रतिशत, रतलाम 71 दशमलव 1-1 प्रतिशत, धार 67 दशमलव 5-5 प्रतिशत, खरगौन में 70 दशमलव 8-0 प्रतिशत और खंडवा 68 दशमलव 2-1 प्रतिशत मतदान हुआ है।

**मौसम (2)**

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में आज भी बादल छाए हुए है वहीं इंदौर में दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश हुई है। वहीं धार में भी अनेक स्थानों पर तेज बारिश हुई है। उज्जैन, जबलपुर में बादल छाए हुए

है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 15-16 मई तक ऐसा ही मौसम रहेगा। इस बीच मौसम विभाग ने आज और कल के लिए  ओलावृष्टि और बारिश के लिए खरगौन और बुरहानपुर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है।
हरदा, अलीराजपुर, बालाघाट, बैतुल, सिवनी सहित 18 जिलों में तेज हवा और बारिश का आरेंज अलर्ट है। 22 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। जिनमें भोपाल विदिशा रायसेने जिल शामिल है। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान नर्मदापुरम में 43.2 डिग्री और सबसे कम पचमढ़ी में 18.8 डिग्री दर्ज किया गया है।